# 'फील्ड विजिट के लिए फार्मेट बनाकर कार्यों की बिन्दुवार जांच करें अधिकारी'

- जिला प्रभारी सचिव नवीन जैन ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली
- पेयजल के अवैध कनेक्शन काटे जाने की बाद संबंधित क्षेत्र के सहायक अभियंता से इन कनेक्शनों की नियमित मॉनिटरिंग करवाते हुए रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए



आयोजना, सांख्यिकी विभाग के शासन सचिव एवं जिला प्रभारी सचिव नवीन जैन ने विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। आयोजना, सांख्यिकी विभाग के शासन सचिव व जिला प्रभारी सचिव नवीन जैन ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली और प्रगतिरत कार्यों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जैन ने कहा कि सभी अधिकारी और कार्मिक कार्यालय समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें। कार्यालय की साफ-सफाई के प्रति भी संजीदगी से ध्यान दें और समुचित साफ सफाई रखवाएं। समस्त पत्रावलियां और रिकॉर्ड दुरूस्त रखे जाएं। उन्होंने कहा कि साफ माहौल से कार्य के प्रति भी उत्साह बना रहता है और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

जिला प्रभारी सचिव ने कहा कि सभी विभागों में ई-फाइलिंग अपनाई जाए। इससे कार्य तेजी से होंगे तथा सिस्टम में पारदर्शिता आ सकेगी। अधिकारी अपने यहां आने वाले परिवाद प्राथमिकता से सुनें तथा आमजन के हित से जुड़े मामलों पर त्वरित कार्यवाही हो। प्रभारी सचिव ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, शिक्षा, स्वास्थ्य, पीएचईडी, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारियों से रिपोर्ट ली।

उन्होंने कहा कि अधीनस्थ अधिकारियों के फील्ड विजिट की समुचित रिपोर्ट लें, निर्धारित फार्मेट बनाकर बिन्दुवार कार्यों की जांच हो। पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जैन ने कहा कि प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर विभागाध्यक्ष कार्ययोजना तैयार करें और कमजोर ब्लॉक और ग्राम पंचायतों का चिन्हीकरण कर निर्धारित पैरामीटर्स के अनुरूप कार्य करवाने पर विशेष फोकस रहे।

शिक्षा और पंचायती राज जैसे विभाग, प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव लें और उन्हें पूर्ण करवाएं। शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए जैन ने कहा कि जिले की जिन स्कूलों में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय नहीं हैं, वहां प्राथमिकता से शौचालय निर्माण का कार्य करवाया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में चिन्हित की गई ऐसी 152 स्कूलों में जल्द शौचालय बन जाए यह सुनिश्चित हो।

प्रभारी सचिव ने कहा कि पेयजल स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए पेयजल के नमूने बढ़ाने के साथ नमूनों के परिणाम के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही यह बताया जाए कि पेयजल स्वच्छता की नकारात्मक रिपोर्ट के बाद सुधार के लिए क्या कार्यवाही की गई। पेयजल के अवैध कनेक्शन काटे जाने की बाद संबंधित क्षेत्र के सहायक अभियंता से इन कनेक्शनों की नियमित मॉनिटरिंग करवाते हुए रिपोर्ट लें, जिससे ये कनेक्शन पुनः ना जुड़ें।

जैन ने कहा कि जेएलआर की सफाई के संबंध एक वार्षिक शेड्यूल तैयार करें और उसी के अनुरूप इसकी सफाई सुनिश्चित करवाएं। सफाई दिनांक जेएलआर पर स्पष्टतया अंकित हो। सभी विभागों के अधिकारी पूरी रिपोर्ट और तथ्यों के साथ बैठक में आएं। आधी अधूरी सूचनाएं स्वीकार्य नहीं होगी। स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं में जिले की स्थिति की जानकारी लेते हुए जैन ने संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी प्रभारी सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना में रिपोर्टिंग सुनिश्चित करवाते हुए स्वयं भी फील्ड विजिट करें। सीईओ जिला परिषद सोहनलाल ने पंचायती राज विभाग की प्रगति रिपोर्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में आईएएस प्रशिक्षु यक्ष चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर उम्मेद सिंह रतनू, अधीक्षण अभियंता पीडब्लयूडी मुकेश गुप्ता, पीएचईडी अधीक्षण अभियंता राजेश पुरोहित, सांख्यिकी उपनिदेशक सुशील कुमार शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## 15 मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलम्बित

**हनुमानगढ़,**(कासं)। जिले में मेडिकल स्टोर पर अनियमितताओं को लेकर प्रशासन कड़ी कार्रवाई कर रहा है। निरीक्षण में अनियमितताएं मिलने पर 15 मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निश्चित समयावधि के लिए निलम्बित किए गए हैं। वहीं 8 रजिस्टर्ड फार्मासिस्टों के प्रकरण राजस्थान फार्मेसी काउंसिल को कार्यवाही के लिए भेजे गए हैं।

लाइसेंसिंग ऑथोरिटी एवं सहायक औषधि नियंत्रक अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि फर्म मैसर्स न्यू विशाल मेडिकोज, फर्म मैसर्स सारस्वत मेडिकोज और फर्म मैसर्स जय श्रीश्याम मेडिकोज का 15 दिन (13 मई से 27 मई तक), फर्म मैसर्स न्यू राजस्थान मेडिकोज का 10 दिन (13 मई से 22 मई तक), फर्म मैसर्स हरूण अमिशा मेडिकल एंड जनरल स्टोर का 10 दिन (6 मई से 15 मई तक), फर्म मैसर्स साहिल मेडिकोज और फर्म मैसर्स आर.के. मेडिकोज का 7 दिन (13 मई से 19 मई तक) के लिए लाइसेंस निलम्बित किया गया है।

वहीं फर्म मैसर्स खान मेडिकोज स्टोर का 4 दिन (13 मई से 16 मई तक), फर्म मैसर्स राफेल फार्मेसी का 3 दिन (6 मई से 8 मई तक), फर्म मैसर्स रमेश मेडिकोज का 3 दिन (13 मई से 15 मई तक), फर्म मैसर्स श्रीराम मेडिकल स्टोर का 3 दिन (6 मई से 8 मई तक), फर्म मैसर्स नानू मेडिकल स्टोर का 2 दिन , फर्म मैसर्स निखिल मेडिकल एंड जनरल स्टोर और फर्म मैसर्स श्री शाक्य मेडिकल स्टोर का 2 दिन एवं फर्म मैसर्स सन्नी मेडिकल स्टोर का 1 दिन के लिए लाइसेंस निलम्बित किया गया है।

## सार-समाचार

### 'गुड टच, बैड टच' की जानकारी दी



'गुड टच- बैड टच' अभियान के तहत जिला प्रभारी सचिव नवीन जैन ने विद्यार्थियों से संवाद किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान के विद्यार्थियों को असुरक्षित स्पर्श के बारे में जागरूक करने के लिए 'गुड टच, बैड टच' अभियान के तहत स्पर्श मेंटोर तथा जिला प्रभारी सचिव नवीन जैन ने शुक्रवार को करणी नगर स्थित आरएन आरएसवी स्कूल में विद्यार्थियों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए टेक्नोलॉजी के दुष्प्रभाव और अच्छे तथा बुरे स्पर्श के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद के दौरान बताया कि बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के आंकड़े बहुत चौंकाने वाले हैं। इसलिए बच्चों को इस दिशा में स्वयं जानकर आगे आना होगा तथा गलत का विरोध करना सीखना होगा। उन्होंने कहा कि इस कैम्पेन के तहत अब तक 65 लाख से अधिक बच्चों को सरकारी स्कूलों के माध्यम से तथा 15 लाख से अधिक बच्चों को स्पर्श वॉलिंटियर्स द्वारा गुड टच एवं बैड टच की जानकारी दी गई है। लगातार तीन चरणों में चले इस अभियान ने सफलता अर्जित की है। भावी शिक्षकों के लिए इस कैम्पेन के महत्व पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि इसी को दृष्टिगत रखते हुए कैम्पेन को भावी शिक्षकों के लिए भी बढ़ाया जा रहा है ताकि स्कूलों में शिक्षकों के माध्यम से इस जानकारी का आधिकारिक प्रचार प्रसार हो सके। इस दौरान बीकानेर स्पर्श टीम से डॉ मुदिता पोपली, चंद्रप्रभा, सोनू राजपुरोहित, नवाब अली भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएएस यक्ष चौधरी तथा सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक सुशील शर्मा ने भी शिरकत की। अंत में स्कूल निदेशक पार्थ मिश्रा, व्यवस्थापक रामलाल स्वामी, शाला प्राचार्य बिन्दु विश्नोई ने श्री जैन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### उद्यम वित्तपोषण पर कार्यशाला

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 24-25 अप्रैल 2024 के दौरान श्रीगंगानगर जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को वित्तपोषित करने वाली शाखाओं के अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन भारतीय रिज़र्व बैंक जयपुर के उप महाप्रबंधक विकास अग्रवाल द्वारा किया गया। इस दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक अनिता शर्मा एवं प्रबंधक गौरव सोमनाथ धूत, जिला उद्योग केन्द्र से उप महाप्रबंधक दिव्या शर्मा, पंजाब नेशनल बैंक के उप मण्डल प्रमुख सतपाल मेहता, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख रॉबिन पूनिया, राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख अतुल सरदाना, श्रीगंगानगर जिले के अग्रणी जिला प्रबंधक एन. सी. जैन भी उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्देश्य एमएसएमई से डील करने वाले बैंक अधिकारियों में एमएसएमई को वित्तपोषित करने से संबंधित विभिन्न दिशा-निर्देशों को लेकर जागरूकता पैदा करना है। कार्यशाला में श्रीगंगानगर जिले में स्थित विभिन्न बैंकों के एमएसएमई से डील करने वाले लगभग 45 बैंकर्स ने सहभागिता की। इस दौरान एमएसएमई पर भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा निर्देश अकाउंट एग्रीगेटर, सिडबी द्वारा सीजीटीएमएसई, राज्य में एमएसएमई वित्त पोषण, क्रेडिट रेटिंग, इनवॉयसमेंट के प्रतिनिधि द्वारा टीआरईडीएस एवं बीओबी जयपुर के प्रतिनिधि द्वारा एनपीए प्रबंधन आदि विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। सभी प्रतिभागियों द्वारा इन सत्रों की भरपूर सराहना की गई।

### रेबीज टीकाकरण शिविर आज

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर में शनिवार को 'पशुचिकित्सक आवश्यक स्वास्थ्य कार्यकर्ता' विषय पर विश्व पशुचिकित्सा दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। निदेशक क्लीनिक्स प्रो. प्रवीण बिश्नोई ने बताया कि विश्व पशुचिकित्सा दिवस के अवसर पर वेटरनरी महाविद्यालय, बीकानेर के क्लीनिक्स में 27 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें श्वानों के रेबीज रोधी टीके निःशुल्क लगाये जायेंगे। अतः श्वान पालक अधिक से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस शिविर का लाभ उठाएं तथा रेबीज जैसी जानलेवा संक्रामक बीमारी को नियंत्रण करने में अपना सहयोग दें।

## श्रीडूंगरगढ़ पालिका में स्थाई ई.ओ. नहीं होने से आमजन परेशान

- स्थाई ईओ नहीं होने से आमजन के रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे हैं

**बीकानेर,** (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ नगर पालिका की कार्यशैली को लेकर कस्बेवासी परेशान हैं। वहीं सत्तारूढ दल इस मुद्दे पर जानबूझकर अनजान सा बना हुआ है। पालिका में आमजन की सुनने वाला कोई अधिकारी नहीं है, जिससे कस्बेवासियों के पालिका से जुड़े रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

कस्बेवासी अपने कार्यों के लिए पालिका कार्यालय जाते हैं, तो जवाब मिलता है कि ईओ साहब नहीं है। पालिका के चक्कर काटने के सिवाय आमजन के पास कोई उपाय नहीं है। नगर पालिका की कार्यशैली विवादित ही रही है, लेकिन अब अधिशासी अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों के रिक्त पद शहरवासियों के लिए कोढ़ में खाज का काम रहे हैं।

पद रिक्त होने के कारण पालिका कार्यालय में अधिकतर कर्मचारियों की कुर्सियां खाली ही नजर आती है। स्थाई ईओ सहित अन्य कार्मिकों के पद रिक्त होने के कारण आमजन के राशन कार्ड, जन्म मृत्यु, विवाह पंजीयन आदि कार्य अटके हैं। साथ ही निर्माण स्वीकृति की फाइलें भी पेंडिंग पड़ी है।

गत 29 जनवरी के बाद से लगातार पालिका अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त चल रहा है। इसके बाद अन्य अधिकारियों के पास अधिशासी अधिकारी पद का अतिरिक्त चार्ज रहा है। जो सप्ताह में मुश्किल से एक या दो दिन पालिका में आते हैं। स्थाई अधिशासी अधिकारी के अभाव में पालिका से संबंधित कार्य अटके हुए हैं। वर्तमान में नगर निगम बीकानेर के संदीप विश्नोई के पास अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार है।

गत तीन माह से पालिका में स्थाई ईओ नहीं है। हैरानी वाली बात यह है कि गत दिनों एक दिन में तीन और एक सप्ताह में चार अधिशासी अधिकारी बदले थे। जानकारी के अनुसार गत 16 जनवरी को पहले तहसीलदार के पास ईओ का अतिरिक्त कार्यभार था। इसके बाद दोपहर 12 बजे जिला कलेक्टर की ओर से जारी एक आदेश के अनुसार सहायक लेखाधिकारी द्वितीय रविशंकर योगी को ईओ का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया। शाम 4 बजे एक आदेश फिर से जारी किया गया। इसमें सहायक लेखाधिकारी द्वितीय भवानीशंकर व्यास को ईओ का चार्ज दिया गया।

मानमल शर्मा, चेयरमैन नगर पालिका श्रीडूंगरगढ़ का कहना है कि स्थाई अधिशासी अधिकारी नहीं होने के कारण परेशानी हो रही है।

## यादें बिनाका गीतमाला कल

**बीकानेर,** (कासं)। अमन कला केन्द्र द्वारा 28 अप्रैल को शाम 7 बजे टाउन हॉल में मोहम्मद रफी जन्म शताब्दी वर्ष व मशहूर रेडियो अनाउंसर अमीन सयानी को याद करते हुए रंगारंग फिल्मी गीतों का कार्यक्रम यादें बिनाका गीत माला की कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

अमन कला केन्द्र अध्यक्ष मो रफीक कादरी ने बताया कि इस अवसर पर पार्श्व गायक संगीतकार रफीक सागर का सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर उपाध्यक्ष कांग्रेस अरविंद मिढ्ढा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अलका डोली पाठक शिक्षाविद व समाजसेवी एन. डी. रंगा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ प्रवीण चतुर्वेदी, डॉ हिमांशु दाधीच, सैयद अख्तर अली, यशपाल नागपाल, डॉ मुकेश सिंघल, मोहम्मद सदीक, एम. आर. मुगल, रहमत अली, अहमद हारून कादरी, समुद्र सिंह राठौड़, नेमचंद गहलोत, यशबंशी माथुर, धर्मेन्द्र सोनी, संजीव ऐरन होंगे।

## नाबालिग से रेप का आरोपी गिरफ्तार

- नौवीं क्लास की छात्रा का अपहरण कर सूनसान जगह ले जाकर जबरन शराब पिलाकर रेप किया था

**बीकानेर,** (कासं)। सरकारी स्कूल की नाबालिग लड़की को शराब पिलाकर गैंगरेप करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

लूणकरनसर पुलिस के अनुसार रणजीत उर्फ बबलू नायक पुत्र रामस्वरुप उम्र 26 वर्ष निवासी पींपेरा मलकीसर को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में शामिल एक अन्य दुराचारी की तलाश जारी है। दो दिन पूर्व रणजीत उर्फ बबलू और एक अन्य युवक ने नौवीं क्लास की सरकारी स्कूल की छात्रा परीक्षा के बाद बस स्टैंड पर खड़ी थी। वहां से अपहरण कर सूनसान क्षेत्र में ले जाकर जबरन शराब पिलाकर गैंगरेप किया था। वारदात के बाद आरोपी नाबालिग को रेलवे स्टेशन पर पटक कर फरार हो गए थे।

वहीं नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षा में डमी उम्मीदवार बैठाने के बाद अब स्कूल-कॉलेज की नियमित परीक्षाओं में भी डमी कैंडीडेट सामने आने लगे हैं। ताजा मामला बीकानेर के कोलायत में सामने आया है। यहां आदेश महाविद्यालय में परीक्षाएं चल रही है। एक स्टूडेंट पर संदेह हुआ तो रिकार्ड से मिलान किया गया। पता चला कि परीक्षा देने आया युवक वह नहीं है जिसका एडमिट कार्ड जारी हुआ है। पूछताछ की तो डमी छात्र की पोल खुल गई। मौके पर पुलिस को बुलाया गया। गजनेर पुलिस थाने में मामला दर्ज भी कराया है। पुलिस को युवक ने अपना नाम कपिल बिश्नोई पुत्र त्रिलोकचंद निवासी चक विजयसिंहपुरा बताया है।

## चाईनीज मांझे की थोक व खुदरा बिक्री पर रोक

**बीकानेर,**(कासं)। जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने जिले में धातु निर्मित मांझे की थोक व खुदरा बिक्री, भण्डारण, परिवहन तथा उपयोग को प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं।

चाईनीज मांझे के उपयोग से लोक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पशु पक्षियों को बचाने तथा विद्युत प्रसारण को बाधा रहित बनाने के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किए गए हैं। आदेशानुसार जिले में इस प्रकार के मांझे का भण्डारण, विक्रय, परिवहन तथा उपयोग करने पर संबंधित के विरूद्ध सम्यक कानून के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही पक्षियों के विचरण की गतिविधियां मुख्यतः प्रातः 6 बजे से 8 बजे एवं सायं 5 बजे से 7 बजे के मध्य होती है। इसके मद्देनजर इस समय पतंग उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा।

जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि पतंगबाजी के लिए धातुओं के मिश्रण से निर्मित मांझा (चाईनीज मांझा) प्रयुक्त किया जाने लगा है। इसके उपयोग से दुपहिया वाहन चालक तथा पक्षियों को अत्यधिक जानमाल का नुकसान हो सकता है। साथ ही विद्युत का सुचालक होने के कारण विद्युत तारों के सम्पर्क में आने से पतंग उड़ाने वाले को भी नुकसान और विद्युत सप्लाई में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इसके मद्देनजर धारा 188 के अन्तर्गत अपराध करने वाले व्यक्ति एवं व्यक्तियों पर अभियोग चलाया जायेगा।

## खुशबू जोशी को पी.एच.डी.की उपाधि

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय जयपुर ने सुश्री खुशबू जोशी को पीएचडी (मेडिसिन) की उपाधि प्रदान की है।

सुश्री जोशी ने ह्यूमन एनाटोमी (शरीर रचना) विभाग एस.पी मेडिकल कॉलेज से 'प्रिवेलेंस एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ हाई रिस्क ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टाइप 16 एंड 18 इन कार्सिनोमा ऑफ सर्विक्स पेशेंट्स एट एस पी मेडिकल कॉलेज एंड एसोसिएटेड ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स बीकानेर राजस्थान' विषय पर अपना शोध कार्य डॉक्टर मोहन सिंह वरिष्ठ आचार्य एवं विभागाध्यक्ष एनाटोमी, एस पी मेडिकल कॉलेज के निर्देशन में पूरा किया है।

## हथियारबंद बदमाशों की लूट की कोशिश विफल, एक को पकड़ा

- पीड़ित के पास जमीन की रजिस्ट्री कराने के कारण लाखों रूपये थे, जिनकी बदमाशों को भनक थी

**बीकानेर,**(कासं)। जिले की खाजूवाला में हथियारबंद बदमाशों ने दिन-दहाड़े एक व्यक्ति के साथ लूटपाट की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हो सके।

घरवाले व मोहल्ले के लोग बदमाशों से भिड़ गए। बदमाशों ने मिर्ची भी झोंकी लेकिन लोग उनसे भिड़े ही रहे। हालात बिगड़ते देख दो बदमाश भाग गए। जबकि एक बदमाश लोगों के हत्थे चढ़ गया। लोगों ने उसकी जमकर धुनाई की। वारदात का पता चलने पर खाजूवाला पुलिस मौके पर पहुंची। तब लोगों ने बदमाश को पुलिस को सौंपा।

पुलिस के अनुसार वार्ड नंबर पांच में साजन झोरड़ का घर है। गुरूवार शाम को वह जमीन की रजिस्ट्री के संबंध में अपने दो अन्य रिश्तेदारों के साथ घर से कार में रवाना हुए। कार के घर के मुख्य द्वार से निकलते ही एक अन्य कार उनकी कार आगे आकर रूकी। कार में से तीन बदमाश नीचे उतरे। बदमाशों ने उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। साथ ही उनके पास मौजूद से रूपयों से भरे बैग को छीनने की कोशिश की। बदमाशों के पास हथियार थे, लेकिन साजन डरे नहीं। वे हिम्मत कर बदमाशों से भिड़ गए।

इसी दौरान शोर-शराबा सुनकर घर के अन्य सदस्य और मोहल्ले के लोग भी आ गए। तब बदमाश कार छोड़कर भागने लगे। ग्रामीणों ने एक बदमाश को दबोच लिया और उसकी जमकर धुनाई की।

बदमाशों को पूरी जानकारी थी कि पीड़ित साजन झोरड़ के पास लाखों रूपए हैं, जो जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले हैं। रजिस्ट्री कराने के लिए घर से निकलते ही बदमाशों ने उन पर धावा वोल दिया। जानकारी के मुताबिक, वारदात को अंजाम देने वाले सभी आरोपी खाजूवाला क्षेत्र के हैं।

## लोक कलाकारों की भजन मंडली

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के सूरतगढ़ तहसील के टिब्बा क्षेत्र हर गांव अपनी विशेष पहचान लिए हुए है। लेकिन क्षेत्र के गांव मोकलसर तथा बछरारा की खास पहचान हैं। इन गांवों की विशेषता यहां के लोक कलाकारों की भजन मंडलियां है। जो वर्षों से राजस्थानी संस्कृति की स्वर लहरियां बिखेर रही हैं और प्रदेश की ग्रामीण संस्कृति के दर्पण के रूप में कार्य कर रही है। भले ही यह लोक भजन मंडलियां राजस्थानी संस्कृति की पुरातन जड़ों से जुड़ी हो लेकिन इनमें आधुनिकता का समावेश भी देखा जा सकता है। राजस्थानी संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए इन भजन मंडलियों ने अपने अपने यू-ट्यूब चैनल भी बना रखे हैं। जिनके लाखों की संख्या में सब्सक्राइबर हैं। यह लोक भजन मंडलियां देवी-देवताओं के जागरण लगाने के साथ-साथ राजस्थानी सभ्यता, संस्कृति व पारंपरिक लोग गीतों, लोक देवताओं के गीतों, चेतावनी भजनों, भारत के इतिहास के महापुरुषों, धरती के शूरवीरो का गुणगान करते हैं।

## मेरी मातृभूमि-मेरी जिम्मेदारी अभियान 1 मई से

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास की पहल पर शुरू होने वाले 'मेरी मातृभूमि, मेरी जिम्मेदारी' अभियान की पहली बैठक 1 मई को सायं 5.15 बजे जिला उद्योग संघ सभागार में होगी।

विधायक व्यास ने बताया कि बीकानेर शहर के अनेक नागरिक देश और दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में निवास कर रहे हैं और विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। ऐसे लोगों को मातृभूमि से जोड़ने और इनके सहयोग बीकानेर के सर्वांगीण विकास का रोड मैप तैयार किया जाएगा।

इसके लिए शहर के मौजीज लोगों के साथ बैठक चर्चा की जाएगी और अभियान को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आगामी समय में प्रवासी बीकानेरियों का सम्मेलन करवाया जाना भी प्रस्तावित है।

## सोने का बताकर नकली हार देने वाला शातिर ठग गिरफ्तार

- ठगी करने व अन्य चोरी की वारदातों में आरोपियों को ट्रेस करने के लिए गठित टीम ने दबोचा



जेएनवीसी थाना पुलिस ने नकली हार देकर ठगी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया।

**बीकानेर,** (कासं)। जेएनवीसी थाना पुलिस ने सोने का हार बताकर नकली हार देकर लोगों से ठगी करने वाले शातिर ठग को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस मुख्यालय राजस्थान, जयपुर द्वारा 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत चलाये जा रहे विशेष अभियान मे कार्यवाही के लिए ओमप्रकाश महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर, पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम के निर्देशानुसार व अति. पुलिस अधीक्षक शहर बीकानेर दीपक शर्मा व सहायक पुलिस अधीक्षक, वृत सदर रमेश आईपीएस के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी जेएनवीसी सुरेन्द्र पचार के नेतृत्व में शहर बीकानेर व आस-पास के क्षेत्र में लोगों को सोने का हार बताकर नकली हार देकर ठगी करने की वारदातों व अन्य चोरियों व थाना हाजा पर ठगी का दर्ज प्रकरण में आरोपियों को ट्रेस करने के लिए एक टीम का गठन किया गया।

टीम द्वारा लगातार आसूचना संकलन कर गली मौहल्लों में संदिग्ध घूमने वाले व्यक्तियों के बारे में पता कर सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर मुल्जिम दिनेश कुमार सोलंकी पुत्र अर्जुन कुमार सोलंकी उम्र 24 साल निवासी सीकवाडा रोड सोमता पुलिस थाना रामसिंन जिला जालोर को गिरफ्तार किया गया जिससे अनुसंधान जारी है। पुलिस टीम में सुरेन्द्र पचार पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना जेएनवीसी सुरेन्द्र मीणा हैड कानि पुलिस थाना जेएनवीसी, शेरसिंह हैड कानि., साहबराम हैड कानि पीबीएम पुलिस चौकी बीकानेर, अशोक कानि., गणेश कानि. राकेश कानि, सागर कानि पुलिस थाना जेएनवीसी बीकानेर शामिल थे।

## सीए फाउंडेशन मॉक टेस्ट सीरीज 29 से

**बीकानेर,** (कासं)। दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की बीकानेर ब्राचं के अध्यक्ष सीए जसवंत सिंह बैद ने बताया कि सीए फाउंडेशन की मुख्य परीक्षा जून 2024 में होने वाली है। जिसके लिए प्रथम सीरीज मॉक टेस्ट शिववैली स्थित आई.सी.ए.आई. भवन में 29 अप्रैल से 02 मई तक आयोजित होगी।

विद्यार्थियों की वास्तविक परीक्षा की तैयारी को परखने व उसमें सुधार हेतु मार्गदर्शन के उद्देश्य से मॉक टेस्ट का आयोजन किया जाता है। यह उन शंकाओं का भी समाधान करता है जिनसे सामना विद्यार्थियों को वास्तविक परीक्षा की तैयारी करते समय होता है।ब्रांच सीकासा अध्यक्ष सीए राहुल पच्चीसिया ने बताया कि उक्त मॉक टेस्ट का पंजीकरण विद्यार्थी शाखा भवन में करवाकर होने वाली परीक्षा में भाग ले सकते हैं। उन्होंने आव्हान किया है कि विद्यार्थी भाग लेकर अपनी तैयारी का आंकलन करें।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक Punjab & Sind Bank

अंचल कार्यालय: जयपुर 30-31, मोहन टॉवर, प्रिंस रोड विद्युत नगर, अजमेर रोड, जयपुर -302021
फोन नंबर: 0141-2358350,2358628

**परिसर चाहिए अनूपगढ़, जिला- अनूपगढ़**

राजस्थान में बैंक की शाखा खोलने के लिए निम्लिखित स्थान पर भूतल स्थित परिसर के लिए दो बोली प्रणाली के तहत न्यूनतम 15 साल के लिए लीज आधार पर 1000-1200 वर्ग फुट एरिया वाले परिसर के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है:-

| क्र.सं. | जगह जहाँ शाखा खोलनी है | कारपेट एरिया ( वर्गफीट में ) |
|---|---|---|
| 1. | अनूपगढ़, जिला- अनूपगढ़ | 1000-1200 |

बीड जमा करवाने की अंतिम तिथि 16.05.2024 होगी अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं
www.punjabandsindbank.co.in आँचलिक प्रबंधक

राजस्थान सरकार
कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652,
Email :- uit_sgnr@yahoo.com,
Office Address:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियोजन/2024/07
**विज्ञप्ति** दिनांक : 01.04.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 34/36 किला नं. 8, 9 में भूखण्ड सं. 46 भूखण्ड माप 40'-0'' गुणा 60'-0'' फीट का नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा आवासीय फ्री होल्ड पटटा सं. 16258 दिनांक 25.08.2024 द्वारा श्री सुनन्दम महिपाल पुत्र श्री रामअवतार एवं श्री अंकित महिपाल पुत्र श्री संजय महिपाल के नाम से जारी है। श्री सुनन्दम महिपाल एवं श्री अंकित महिपाल द्वारा भूखण्ड माप 40'-0'' गुणा 60'-0'' फीट आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 में उक्त आवेदित भूमि का प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय दर्शाया गया है। नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के अधिसूचना क्रमांक प.11 (8) नविवि/2020 जयपुर दिनांक 24.02.2021 राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम 2021 अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूमि का आवासीय रूपान्तरित भूमि से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस की समयावधि में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। - **सचिव,** नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर परिषद अनूपगढ़ जिला अनूपगढ
Email eoanupgarh@yahoo.com ph&fax01498-252060
क्रमांक:-एफ8(भूमि)()/2023-24/4003 दिनांक:-14.12.23

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दुर्गादत्त पुत्र श्री फुसाराम जाति ब्राह्मण निवासी सूरतगढ़ ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पेश कर अनूपगढ़ में स्थित आवासीय भूखण्ड साईज 30X80 वर्गफुट के साथ चिपती खांचा भूमि साईज 9X80 वर्गफुट का मूल आवंटी श्री फूसाराम पुत्र श्री केसरा राम की मृत्यु उपरान्त श्री फुसाराम के जायज वारिसानों के द्वारा अपंजीकृत इकरारनामा बतौर घरेलू बंटवारा से प्राप्त उक्त भूखण्ड का प्रार्थी अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में नामान्तरण दर्ज करवानाा चाहता है।
अगर किसी भी व्यक्ति आम खास को इस विषय में कोई उज्र/एतराज हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय सबूत के जो इस अहाते से संबंधित हो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा नियमानुसार पालिका रिकॉर्ड में नामान्तरण दर्ज कर दिया जावेगा।

आयुक्त
नगर परिषद अनूपगढ़